# आकाशवाणी शिमला
## 03.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

**मौसम–1**

प्रदेश में मानसून के कड़े तेवर जारी हैं और आज भी मौसम खराब बना हुआ है। राजधानी शिमला सहित अधिकांश स्थानों पर बीती रात भारी वर्षा हुई है। कुल्लू जिला में स्नो गैलरी के पास नाले में आई बाढ़ से मनाली–केलंग सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए अवरूद्व हो गई है। सीमा सड़क संगठन द्वारा सड़क बहाली के प्रयास किए जा रहे हैं। ये सड़क बंद होने से केलंग की ओर जाने वाले व मनाली आने वाले वाहनों को रोहतांग दर्रा से होकर भेजा जा रहा है। इस बीच मंडी जिला के बाढ़ व भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य जारी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार मंडी जिला के विभिन्न स्थानों पर बादल फटने की घटनाओं में 11 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि 34 लोग लापता हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व जिला प्रशासन की टीमें सर्च आपेरशन में तेजी से जुटी हुई हैं।

**मौसम–2**

इसके अलावा प्रदेश भर में आज सुबह तक भूस्खलन से 261 सडकें अवरूद्व होने से यातायात ठप है। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 186 सड़कें बंद हैं। कुल्लू में 37 व कांगड़ा में 12 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा 599 बिजली ट्रांसफार्मर पूरे प्रदेश में ठप पड़े हैं। इनमें अकेले मंडी जिला में 511 ट्रांसफार्मर बंद हैं। राज्य में भारी वर्षा के कारण 797 पेयजल स्कीमें भी ठप हैं। इनमें मंडी जिला में सबसे ज्यादा 580 हमीरपुर में 144 और कुल्लू में 33 पेयजल स्कीमें शामिल हैं। प्रदेश में 20 जून से अब तक मानसून वर्षा के दौरान विभिन्न हादसों में 63 लोगों की मृत्यू हो चुकी है, जबकि 109 लोग घायल हुए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आज व कल राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं मंडी, हमीरपुर, शिमला, सिरमौर, कांगड़ा और सोलन जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में आठ जुलाई तक मौसम के खराब बने रहने की संभावना है।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि मानसून की इस बारिश में प्रदेश आपदा में फंस गया है और इससे निपटने के लिए सरकार तैयार है। बीते कल सोलन जिले के क्यारीघाट में 24 नई वॉल्बो बसों को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि आपदा के इस समय में सभी को एकजुटता के साथ काम करना होगा। उन्होंने ये भी कहा कि विपक्ष के नेता जो भी लोगों की समस्याएं उनके सामने रखेंगे, उन्हें पूरा किया जाएगा।

***बाईट : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू– लोग उन आपदा प्रभावितों के साथ खड़े हैं, हमारी सरकार उन आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी है। अभी आपदा शुरूआत में ही हमें आ गई है। हम इस आपदा का डटकर मुकाबला कर रहे है। 600 करोड़ रूपये का नुकसान हो चुका है। मंडी जिला में पूरा नुकसान हुआ है। ये ठीक है कि वो जयराम ठाकुर का विधानसभा क्षेत्र है, जहां सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, मैं भी उनसे संपर्क करूंगा जहां–जहां कमियां हैं, उन कमियों को दूर करेंगे।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के तहत सभी विभागों को आत्मनिर्भर बना रही है और आधुनिक तकनीक से बनीं ये वॉल्बो बसें लंबे सफर में यात्रियों के लिए लाभप्रद होंगी।

***बाईट : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू–एचआरटीसी के नवीनीकरण की दिशा में हम आगे बढ़े, हम चाहते हैं कि आने वाले समय में एचआरटीसी लाभ कमाए, इस दिशा में हम दिन रात काम कर रहे हैं। ये जो बसें जिन्हें हरी झंडी दिखाई है, ये हमारे लांग रूट में चलेंगी। हम चाहते हैं जब हमने आत्मनिर्भर हिमाचल की कल्पना की है, तो सभी विभाग आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े और इस दिशा में हमारी सरकार तेजी से कदम उठा रही है।***

**उपमुख्यमंत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मानसून की भारी वर्षा से प्रभावित पेयजल व सिंचाई योजनाओं की बहाली के संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि भारी बारिश व भूस्खलन जैसी घटनाओं से जलशक्ति विभाग की 3 हजार 6 सौ 98 परियोजाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि विभाग द्वारा अब तक करीब 240 करोड़ रूपये की क्षति का आंकलन किया गया है।

**सम्मेलन**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आज हरियाणा के मानेसर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय है – संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका। सम्मेलन का उद्देश्य देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण में शहरी स्थानीय निकायों को एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करना है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में गुणवतापूर्ण शिक्षा, बेहतर ढांचे और खेल सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई सुधार किए जा रहे हैं। शिमला में शिक्षा विभाग की एक बैठक के दौरान इस क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मसलों और योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवता को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय उपलब्धी सर्वेक्षण में प्रदेश की उल्लेखनीय प्रगति पर अधिकरियों व शिक्षकों की सराहना की। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस सर्वेक्षण में प्रदेश 21वें से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, जो सरकार की प्रभावी नीतियों और शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान का परिणाम है।